# वित्तीय व्यय की समीक्षा आख्या –मिर्जापुर मण्डल

## भ्रमण तिथि–24 से 27 जुलाई, 2024

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार (कार्यालय पत्र संख्या एस0पी0एम0यू0 / एन0एच0एम0 / एम0 एण्ड ई0 / 2024–25 / 04 / 1873–2 दिनांक–04–07–2024 के संदर्भ में राज्य स्तरीय टीम के द्वारा वित्तीय व्यय की समीक्षा हेतु दिनांक 24 से 27 जुलाई, 2024 तक मिर्जापुर मण्डल का स्थलीय पर्यवेक्षण किया गया।

**राज्य स्तरीय टीम के सदस्यः–**

1. **डा0 सलिल कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक–एन.यू.एच.एम**
2. **मृदुल राज जोशी, तकनीकी एक्जीक्यूटिव, वित्त अनुभाग,**

**दल द्वारा पर्यवेक्षण के दौरान की गयी गतिविधियां–**

- संयुक्त निदेशक–मिर्जापुर मण्डल, मुख्य चिकित्साधिकारी, जनपदीय नोडल अधिकारियों (मिर्जापुर, भदोही एवं सोनभद्र) के साथ वित्तीय व्यय की समीक्षा बैठक।
- जनपद–मिर्जापुर, भदोही एवं सोनभद्र में भ्रमण कर ब्लाक स्तर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा जनपदीय स्तर मुख्य चिकित्साधिकारी, जनपदीय नोडल अधिकारियों के साथ वित्तीय व्यय की समीक्षा बैठक।

**दल द्वारा पर्यवेक्षण के दौरान की गयी समीक्षा बैठकों के मुख्य बिन्दु–**

- समीक्षा बैठकों के दौरान यह पाया गया कि प्रायः मण्डल के समस्त जनपदों में उपकेन्द्रों के निर्माण से सम्बन्धित कमिट बजट व्यय नहीं हो पाया है।
- जनपद–भदोही में BMW से सम्बन्धित भुगतान अनुबन्ध समाप्त हो जाने के कारण माह नवम्बर, 2023 से नहीं किया गया है जिसके नवीनीकरण प्रक्रिया चल रही है।
- जनपद–सोनभद्र में आशा तथा ए0एन0एम0 को PBI तथा TBI का भुगतान फरवरी, 2024 से तकनीकी कारणों के कारण नहीं हो पाया था, जिसका पर्यवेक्षण के दल द्वारा त्वरित निराकरण कराया गया है।
- समीक्षा बैठकों के दौरान यह भी पाया गया कि जनपद–मिर्जापुर तथा सोनभद्र में जिला लेखा प्रबन्धक का पद रिक्त है जिस कारण जनपद पर बजट व्यय करने कठिनाई का सामना किया जा रहा है तथा व्ययों की गतिविधिवार एवं बजटवार समीक्षा नहीं की जा रही है। जनपद–मिर्जापुर के किसी भी ब्लाक में आजतक ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक की नियुक्ति नहीं की

गई है तथा ब्लाक लेखा प्रबन्धक भी जनपद के 12 ब्लाकों में से मात्र 06 ब्लाक पर ही कार्यरत हैं, जिस कारण ब्लाक स्तर पर कार्यक्रमों का उचित संचालन एवं लेखांकन नहीं हो पा रहा है।

- जनपद–भदोही में कमिटेड बजट का गतिविधिवार विवरण किसी भी नोडल अधिकारी के संज्ञान में नहीं है, जिस कारण कमिटेड बजट के व्यय की स्थिति सोचनीय थी जिस पर भ्रमण दल द्वारा कार्यवाही करते हुए सभी नोड़ल अधिकारियों को नियमानुसार व्यय करने के निर्देश दिये गये
- जनपद एवं ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम अधिकारियों तथा लेखा प्रबन्धक के मध्य समन्वय की कमी के कारण समयानुसार धनराशि के व्यय कमी पायी गयी।
- लेखा प्रबंधकों द्वारा मासिक रूप से कार्यक्रम अधिकारियों को व्यय की सूचना उपलब्ध कराने में विलम्ब किया गया।
- प्रायः मण्डल के समस्त जनपदों में आवश्यकता से अधिक धनराशि कमिट करायी गयी है। कमिट कराते समय कार्यक्रम अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित नहीं किया गया था।

**मण्डलीय समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देश /सुझाव :–**

- दिनांक 24.07.2024 को मण्डलीय अपर निदेशक कार्यालय में सम्पन्न समीक्षा बैठक में नोडल अधिकारी द्वारा मण्डल के समस्त जनपद को आवंटित/कमिटेड बजट धनराशि के सापेक्ष प्रतिदिन समीक्षा करते हुए दिनांक 31.07.2024 तक समस्त कमिटेड लायबिलिटीज के लंबित भुगतानों का शत प्रतिशत व्यय कर एफ0ए0एम0एस0 पोर्टल पर अपडेट करना सुनिश्चित करें।
- मण्डलीय अपर निदेशक एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सुझाव दिया गया कि मासिक रूप से सभी कार्यक्रमों के कार्यक्रम अधिकारियों के साथ मदवार वित्तीय समीक्षा किया जाये एवं कम व्यय वाले मद को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही करायें।
- लेखा प्रबंधक द्वारा प्रत्येक माह सम्बंधित कार्यक्रम अधिकारियों को वित्तीय समीक्षा हेतु एफ.एम.आर. कोडवार व्यय की सूचना उपलब्ध करायें ताकि कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा स्वयं के स्तर से भौतिक समीक्षा के साथ–साथ वित्तीय समीक्षा भी की जा सके।
- जनपद में कार्यक्रम अधिकारियों एवं लेखा प्रबंधकों के मध्य समन्वय स्थापित कर कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।
- कमिटेड धनराशि जिसकी लॉयबिलिटी हो उन्हीं धनराशि को व्यय हेतु कार्ययोजना बनाकर नियमानुसार व्यय करायें एवं शेष धनराशि को सरेण्डर करते हुये राज्य स्तर को पत्र द्वारा सूचित करें।
- जिस धनराशि का व्यय किया जा चुका है। उसको अविलम्ब एफ.ए.एम.एस. पोर्टल पर व्यय अंकन कराना सुनिश्चित करें।
- कार्यदायी संस्था द्वारा व्यय की गयी धनराशि का एस.ओ.ई. प्राप्त कर अविलम्ब एफ.एम.एम.एस. पोर्टल पर अंकन कराना सुनिश्चित करायें।

- जनपद में यदि कोई टेण्डर लम्बित है या टेण्डर करने में किसी भी प्रकार की समस्या आ रही है तो राज्य स्तर पर सम्बंधित अनुभाग से समन्वय स्थापित कर आवश्यक निर्देश प्राप्त करें। साथ ही यदि जनपद द्वारा कराये गये किसी भी कार्य का भुगतान लम्बित है, तो अविलम्ब कार्यवाही करते हुये नियमानुसार भुगतान कराना सुनिश्चित करें।
- समीक्षा के दौरान संज्ञान में कि कई कार्यक्रमों के दिशा–निर्देश जनपद में उपलब्ध नही हैं। परन्तु कार्यक्रम हेतु धनराशि जनपदों में कमिट करायी गयी है। निर्देशित किया गया कि राज्य स्तर पर सम्बंधित अनुभाग से समन्वय स्थापित कर अविलम्ब दिशा–निर्देश प्राप्त कर कार्य को पूर्ण करायें।

उक्त के क्रम में दिनांक 24 से 27 जुलाई, 2024 की समीक्षा बैठक में मिर्जापुर मण्डल के जनपदों में कुल व्यय की प्रगति की स्थिति निम्नानुसार है–

***Mirzapur Division***

**Committed Expenditure Status** (Fig.in Lakh)

| District | Allocated Budget | Expenditure on 22.07.24 | Expenditure on 31.07.25 | Increase | % |
|---|---|---|---|---|---|
| DHS, MIRZAPUR, UP [NHMUP] | 1,189.98 | 109.77 | 234.24 | 124.47 | 10% |
| DHS, SANT RAVIDAS NAGAR, UP [NHMUP] | 422.63 | 24.65 | 96.69 | 72.04 | 17% |
| DHS, SONBHADRA, UP [NHMUP] | 872.04 | 194.78 | 299.72 | 104.93 | 12% |
| | 2,484.64 | 329.21 | 630.65 | 301.45 | 12% |

**Regular Expenditure Status**

| District | Allocated Budget | Expenditure on 22.07.24 | Expenditure on 31.07.25 | Increase | % |
|---|---|---|---|---|---|
| DHS, MIRZAPUR, UP [NHMUP] | 10,633.66 | 1,303.46 | 1,339.25 | 35.78 | 0% |
| DHS, SANT RAVIDAS NAGAR, UP [NHMUP] | 6,350.42 | 735.71 | 861.79 | 126.08 | 2% |
| DHS, SONBHADRA, UP [NHMUP] | 8,830.67 | 924.28 | 979.88 | 55.60 | 1% |
| | 25,814.75 | 2,963.45 | 3,180.92 | 217.47 | 1% |

**Total Expenditure Status**

| District | Allocated Budget | Expenditure on 22.07.24 | Expenditure on 31.07.25 | Increase | % |
|---|---|---|---|---|---|
| DHS, MIRZAPUR, UP [NHMUP] | 11,823.63 | 1,413.23 | 1,573.49 | 160.25 | 1% |
| DHS, SANT RAVIDAS NAGAR, UP [NHMUP] | 6,773.05 | 760.36 | 958.49 | 198.12 | 3% |
| DHS, SONBHADRA, UP [NHMUP] | 9,702.71 | 1,119.06 | 1,279.60 | 160.54 | 2% |
| | 28,299.39 | 3,292.66 | 3,811.57 | 518.91 | 2% |